फाइल सं0 ई-12017/01/2018-एचआर

**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**

**(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक संवैधानिक प्राधिकरण)**

**(मानव संसाधन प्रभाग)**

**एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली – 110002**

---

**दिनांक 13 जुलाई, 2018**

परिपत्र

**विषय : बाहरी सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक (राजभाषा) और हिंदी अनुवादक के पद के लिए आवेदन के आमंत्रण के संबंध में**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) मानव उपभोग के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आहार सुनिश्चित करने के प्रयोजन से खाद्य वस्तुओं के लिए विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने और उनके उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित एक स्वायतशासी संवैधानिक प्राधिकरण है।

2. एफ.एस.एस.ए.आई का **अनुबंध-I** में दिए गए विवरण के अनुसार बाहरी सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक (राजभाषा) और हिंदी अनुवादक के पद भरने का प्रस्ताव है। **अनुबंध-I** में विहित पात्रता और अनुभव संबंधी मानदंड पूरा करने वाले अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित प्रपत्र (**अनुबंध-II**) में संबंधित प्रलेखों के साथ उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में तीन वर्ष के लिए होगी। इसे जनहित में 2 वर्षों तक आगे बढ़ाया जा सकता है। तथापि विशेष परिस्थितियों में प्रतिनियुक्ति एक वर्ष के लिए भी की जा सकती है, जिसे आगे दो वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति पर चयनित उम्मीदवार के वेतन सहित प्रतिनियुक्ति की शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं0 6/8/2009-स्था (वेतन II), दिनांक 17 जून, 2010 में विहित उपबंधों और इस संबंध में समय-समय पर जारी अन्य आदेशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगी। कैडर से इतर किसी अन्य पद पर पहले ही प्रतिनियुक्ति पर नियोजित अधिकारियों/कर्मचारियों के मामले में इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सात वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष होगी।

4. खाद्य प्राधिकरण को रिक्ति न भरने अथवा विज्ञापन को किसी भी चरण में रद्द करने का अधिकार होगा।

5. अनुबंध-II में अपेक्षित वैयक्तिक डैटा, विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित घोषणा और आवश्यक प्रमाण-पत्रों/कागजात के साथ आवदेन सहायक निदेशक(मानव संसाधन), भारतीय खाद्य सुरक्षा

और मानक प्राधिकरण, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को **<u>10.08.2018 अथवा उससे पहले</u>** भेज दिए जाएँ।

(विनय कुमार तरुण)
सहायक निदेशक (मानव संसाधन)
दूरभाष : 011-23214135

सेवा में

1. सूची के अनुसार भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन/राज्य सरकारें/संघ शासित सरकारें/स्वायतशासी संगठन इत्यादि।
2. www/fssai.gov.in पर अपलोड करने के लिए आईटी प्रभाग, एफ.एस.एस.ए.आई।

अनुबंध-I

## एफ.एस.एस.ए.आई में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा भरने के लिए प्रस्तावित पद

| क्रम सं0 | पद / वेतन स्तर | पदों की सं0/ स्थान | पात्रता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01. | **सहायक निदेशक (राजभाषा)** वेतन स्तर 10 (56,100-1,77,500) | 01 (मुख्यालय) | केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी, संवैधानिक अथवा स्वायतशासी संगठानों के वे अधिकारी-<br><br>(क) जो मूल संवर्ग/विभाग में समकक्ष पद पर नियममित आधार पर कार्यरत हों; **अथवा**<br><br>जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन स्तर 8 अथवा उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 2 वर्ष की नियमित सेवा की हो; **अथवा**<br><br>जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन स्तर 7 अथवा उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो; **अथवा**<br><br>जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन स्तर 6 अथवा उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 8 वर्ष की नियमित सेवा की हो; **और**<br><br>(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों:-<br><br>(i) स्नातक स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता प्रदत्त-विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में हिंदी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषयों के रूप में रखते हुए अथवा इनमें से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में तथा दूसरी अनिवार्य अथवा चयनित विषय के रूप में रखते हुए हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी अन्य विषय में किसी मान्यता प्रदत्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि; **और**<br><br>(ii) केंद्र/राज्य सरकार/स्वायतशासी संस्था/संवैधानिक संगठन/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/विश्वविद्यालय अथवा शै क्षणिक संस्था में हिंदी शब्दावली (पारिभाषिक कार्य) के उपयोग/अनुप्रयोग और अंग्रेजी से हिंदी अथवा विलोम अनुवाद, विशेषकर तकनीकी अथवा वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद, का तीन वर्षों का अनुभव<br><br>**अथवा**<br><br>केंद्र/राज्य सरकारों/स्वायतशासी संस्था/संवैधानिक संगठन/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता-प्रदत्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थाओं में हिंदी और अंग्रेजी में अध्यापन अथवा हिंदी अथवा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अंग्रेजी में अनुसंधान का तीन वर्षों का अनुभव। |
| 02 | **हिंदी अनुवादक** वेतन स्तर 06 (रु. 35,400-1,12,400) | 02 (मुख्यालय)<br><br>01 (कोलकाता) | केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी, संवैधानिक अथवा स्वायतशासी संगठानों के वे अधिकारी-<br><br>(क) जो मूल संवर्ग/विभाग में समकक्ष पद पर नियममित आधार पर कार्यरत हों; **अथवा**<br><br>जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन स्तर 5 अथवा उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो; **अथवा**<br><br>जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन स्तर 4 अथवा उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो;<br>**और**<br><br>(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों:-<br><br>(i) स्नातक स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता प्रदत्त-विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में हिंदी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य अथवा चयनित विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में रखते हुए किसी मान्यता-प्रदत्त विश्वविद्यालय से हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि; **अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य अथवा चयनित विषयों के रूप में रखते हुए अथवा इनमें से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में तथा दूसरी अनिवार्य अथवा चयनित विषय के रूप में रखते हुए हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी भी अन्य विषय में किसी मान्यता प्रदत्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि; **और**<br><br>(ii) हिंदी से अंग्रेजी अथवा विलोम अनुवाद का मान्यता-प्राप्त डिप्लोमा अथवा प्रमाण-पत्र अथवा भारत सरकार के उद्यमों सहित केंद्रीय अथवा राज्य सरकार के कार्यालय में अंग्रेजी से हिंदी में और विलोम अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव। |